राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 02 अप्रेल। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं राजस्थान प्रभारी श्री अजय माकन, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा, मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत, राजस्थान संगठन चुनाव हेतु नियुक्त पीआरओ श्री संजय निरूपम कल दिनांक 03 अप्रेल, 2022 को दोपहर 1 बजे मुख्यमंत्री निवास 8, सिविल लाईन्स, जयपुर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्षगण, राजस्थान से एआईसीसी के पदाधिकारीगण, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण, अग्रिम संगठनों के प्रदेशाध्यक्षण, समस्त जिला कांग्रेस कमेटियों के वर्तमान/निवर्तमान जिलाध्यक्षगण, समस्त ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों के निवर्तमान ब्लॉक अध्यक्षगण, डिजिटल सदस्यता अभियान के स्टेट कोर्डिनेटर्स/को-कोर्डिनेटर्स तथा डिजिटल सदस्यता अभियान में उत्कर्ष कार्य करने वाले एनरोलर्स की बैठक लेंगे।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि बैठक में कांग्रेस सदस्यता अभियान, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशों पर चलाये जा रहे मंहगाई मुक्त भारत अभियान के तहत् जिलों में होने वाले धरना व प्रदर्शन तथा दिनांक 7 अप्रेल को जयपुर में होने वाले प्रदेश स्तरीय धरना व प्रदर्शन को लेकर चर्चा की जायेगी। साथ ही राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आगामी समय में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों पर मंथन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि बैठक में उपस्थित कांग्रेसजनों से फीडबैक भी लिया जायेगा। उन्होंने बताया कि बैठक में संगठन चुनाव हेतु नियुक्त एपीआरओ श्री राजेन्द्र सिंह कुम्पावत एवं श्री अमित कुमार टुन्ना भी शामिल होंगे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter